# नवादा में 142 योजनाओं का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान [नवादा]() में करोड़ों रुपए की लागत वाली 142 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

## मुख्य बिंदु

- मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान नवादा ज़िले को कई विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने **कुल 211.96 करोड़ रुपए की 202 योजनाओं में से 138.06 करोड़ रुपए की 142 योजनाओं का उद्घाटन किया और 73,89 करोड़ रुपए की 60 योजनाओं का शिलान्यास** किया। साथ ही ज़िले में अन्य विकास योजनाओं का अवलोकन किया।
- **प्रमुख विकास योजनाएँ:** कुछ प्रमुख योजनाएँ निम्नलिखित हैं-
  - **नवादा में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल** का निर्माण किया जाएगा।
  - रजौली अनुमंडल में **डिग्री कॉलेज** की स्थापना की जाएगी।
  - नवादा ज़िले में बहुद्देशीय प्रेक्षागृह का निर्माण किया जाएगा।
  - नवादा नगर परिषद में छूटे 27 वार्ड में गंगाजल आपूर्ति की जाएगी।
  - नवादा के **रजौली में औद्योगिक क्षेत्र** का विकास किया जायेगा।
- **महत्त्व:** इन विकास योजनाओं से नवादा ज़िले में सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी, जो शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार के क्षेत्र में सुधार लाएंगी।

## नवादा ज़िला

- नवादा ज़िले का इतिहास [मगध साम्राज्य]() से जुड़ा है और इस क्षेत्र के लोग [मगही]() बोलते हैं।
- प्राचीन काल में वनाच्छादित होने के कारण इसका **प्रसंग पांडवों के अज्ञातवास में भी हुआ है**।
  - आज भी नवादा के कई प्रखंड वन से घिरे हैं, जैसे **रजौली, कौआकोल, गोविंदपुर इत्यादि**।
- नवादा शब्द **"नव" और "आबाद" दो शब्द से बना** है, अर्थात खुरी नदी के उत्तर में जो मानव बस्तियाँ बसी वह नव आबाद था।
- वर्तमान में नवादा ज़िला की सीमा दक्षिण में **झारखंड के कोडरमा ज़िले से लगी हुई** है।
- 26 जनवरी 1973 को अस्तित्व में आया यह ज़िला पहले गया ज़िले के अधीन एक अनुमंडल था।
- नवादा ज़िला कई प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जैसे**, ककोलत झरना, प्रजातंत्र द्वार, सीतामढ़ी, नारद संग्रहालय, सेखोदेवरा और गुनियाजी तीर्थ** आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/142-schemes-inaugurated-in-navada